# GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD

(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited

# Filariasis Elimination Progamme

*by*

## NSS Units 1 & 2



Date : 25th February 2026 | Time - 01:30 pm



# GURU NANAK COLLEGE DHANBAD

## Filariasis Elimination Program

आज दिनांक 25 फरवरी 2026 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के द्वारा राज्य सरकार के तत्वावधान में संचालित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-1 एवं इकाई-2 के संयुक्त प्रयास से एक व्यापक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।यह रैली महाविद्यालय के बरमसिया परिसर से प्रारंभ होकर रानी रोड स्थित शनि मंदिर तक निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न नारे एवं संदेशों के माध्यम से आमजन को फाइलेरिया (हाथीपांव) रोग के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान छात्रों ने विभिन्न स्थानों पर रुककर स्थानीय नागरिकों को फाइलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं सरकारी दवा सेवन कार्यक्रम के महत्व के बारे में जानकारी दी।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाइलेरिया उन्मूलन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर परंतु रोके जाने योग्य रोग है, जिसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वितरित की जाने वाली दवाओं का सेवन अवश्य करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रैली का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना एवं फाइलेरिया मुक्त समाज के निर्माण हेतु जनसहभागिता सुनिश्चित करना था।महाविद्यालय परिवार ने इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एन.एस.एस. पदाधिकारी इकाई-1 प्रो. दलजीत सिंह, इकाई-2 प्रो. अभिषेक कुमार सिन्हा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपक कुमार, प्रो संजय सिन्हा, डॉ. मीना मालखंडी, , डॉ उदय सिन्हा, डॉ. सरिता मधेशिया, प्रो. एकता श्रीवास्तव, , प्रो सुरभि कश्यप, प्रो. सपना सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Filariasis Elimination Progamme
by
NSS Units 1 & 2
Date : 25th February 2026


Filariasis Elimination Progamme
by
NSS Units 1 & 2
Date : 25th February 2026 | Time - 01:30 pm
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcjx+m5v, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.781756° Long 86.447989°
Wednesday, 25/02/2026 01:55 PM GMT +05:30
Google


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Filariasis Elimination Progamme
by
NSS Units 1 & 2
GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Near G N College, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.780972° Long 86.448144°
Wednesday, 25/02/2026 01:58 PM GMT +05:30


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Filariasis Elimination Progamme
by
NSS Units 1 & 2
Date - 25th February 2026 | Time - 01:30 pm


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited
Filariasis Elimination Progamme
by
NSS Units 1 & 2
Date : 25th February 2026 | Time - 01:30 pm
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcmx+446, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.782819° Long 86.448005°
Wednesday, 25/02/2026 01:52 PM GMT +05:30
Google


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Filariasis Elimination Progamme
by
NSS Units 1 & 2
Date : 25th February 2026 | Time - 01:30 pm


GURUNANAK COLLEGE, DHANBAD
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Filariasis Elimination Progamme
K COLLEGE, DHANBAD
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.782868° Long 86.448387°
Wednesday, 25/02/2026 02:04 PM GMT +05:30
Google

धनबाद 26-02-2026

# दवा सेवन से मिट सकता है फाइलेरिया : प्राचार्या

धनबाद | गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की एनएसएस की ओर से बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली बरमसिया से शुरू होकर शनि मंदिर तक गई। प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे सामूहिक दवा सेवन और जागरूकता के जरिए जड़ से मिटाया जा सकता है।

## गुरुनानक कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली

**धनबाद।** गुरुनानक कॉलेज एनएसएस इकाई एक व दो के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर आमलोगों को जागरूक किया। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न नारे एवं संदेशों के माध्यम से आमजन को फाइलेरिया (हाथीपांव) रोग के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने फाइलेरिया उन्मूलन पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार सिन्हा, प्रो. दीपक कुमार, प्रो संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, डॉ उदय सिन्हा, डॉ सरिता मधेशिया समेत लोग थे।

Hindustan
Dated :- 26-02-26.

## जीएन कालेज ने निकाली जागरूकता रैली

**धनबाद :** गुरुनानक कालेज में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-एक एवं इकाई-दो केप्रयास से जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली जीएन कालेज परिसर से प्रारंभ होकर रानी रोड स्थित शनि मंदिर तक निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न नारे एवं संदेश के माध्यम से आमजन को फाइलेरिया (हाथीपांव) रोग के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने विभिन्न स्थानों पर रुककर स्थानीय नागरिकों को फाइलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं सरकारी दवा सेवन कार्यक्रम के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डा. रंजना दास ने फाइलेरिया उन्मूलन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी छात्रों से अपील की सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से वितरित की जाने वाली दवाओं का सेवन अवश्य करें।

Dainik Jagran
Dated :- 26-02-26.